Title: Need to set up a Steel factory by Steel Authority of India Limited in Tikamgarh Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : सभापति महोदय, मैं मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ छतरपुर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के छतरपुर जिले में बिजावर बकस्वाहा तथा बड़ामलहरा क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता वाले लौह अयस्क का विशाल भंडार है। सैकड़ों वर्ष पूर्व से यहां पर लौह अयस्क से लोहा प्राप्त किया जाता रहा है। प्राचीन काल में बिजावर में इस्पात की भट्टी चलती थी। पहाड़ों में आज भी उसके चिन्ह देखने को मिलते हैं। सर्वे की जानकारी के अनुसार वर्तमान में देश के जो इस्पात संयंत्र हैं, उनके समीप जो लौह अयस्क है, उससे 3 से 4 प्रतिशत से अधिक मात्रा में छतरपुर के पहाड़ों में जो अयस्क है, उसमें लोहा है, जो अधिक गुणवत्ता वाला है। किंतु पूर्व में विद्युत की कमी तथा रेलवे में सुविधा न होने से यहां इस्पात संयंत्र स्थापित नहीं हो सका है। आज इस क्षेत्र में एनटीपीसी द्वारा विद्युत संयंत्र लगाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है तथा रेल लाइन भी ललितपुर से छतरपुर तक बिछायी जा चुकी है जिसके कारण जिले में इस्पात संयंत्र स्थापित करना आसान हो गया है। बुंदेलखंड देश के पिछड़े क्षेत्रों में से एक है, जिसके औद्योगिक विकास के लिए उक्त संयंत्र की आवश्यकता है।

मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा करायी गयी इन्वेस्टर्स मीट में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर कर रूचि प्रदर्शित की गयी थी। अतः सरकार से अनुरोध है कि शीघ्र इस दिशा में कार्यवाही कर इस वर्ष की कार्य योजना में शामिल कर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा छतरपुर में स्टील कारखाना लगाये जाने की पहल प्रारंभ की जाए, ।